महत्वपूर्ण एवं खास

लाखों की ठगी मामले में पुलिस अफसरों से आईजी ने मांगा जवाब

बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)। बिलासपुर गर्वमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलाने के नाम पर 5 साल पहले दो आरोपियों ने 4 लाख रुपए की ठगी की थी। यह प्रकरण सिविल लाइन थाने में पदस्थ एक सीएसपी, 6 टीआई, 4 एसआई और एक एएसआई के पास से होकर गुजरा, लेकिन किसी एक ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। समीक्षा के बाद जब इन अफसरों की लापरवाही सामने आई, तो आईजी और एसपी ने सभी से स्पष्टीकरण मांगा है। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने प्रकरण की समीक्षा के बाद 10 बिंदुओं पर अफसरों द्वारा जांच में बरती गई लापरवाही का जिक्र करते हुए 16 अप्रैल को एसपी को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने मामला थाने में दर्ज होने के बाद से लेकर अब तक सिविल लाइन थाने में पदस्थ सभी अफसरों और विवेचकों से स्पष्टीकरण लेकर आईजी कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा है। एसपी ने 18 अप्रैल को सभी को पत्र जारी का स्पष्टीकरण मांगा था, जिस पर 6 अधिकारियों ने अपने जवाब प्रस्तुत कर दिए हैं।

बीमारी से त्रस्त होकर महिला ने दी जान

जशपुर-रायपुर (आरएनएस)। जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम महनई में एक पहाड़ी कोरवा महिला की पेड़ से लटकती हुई लाश मिली है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. इस घटना में यह बात सामने आई है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है. वह लंबे समय से बीमार चल रही थी. मिली जानकारी के अनुसार, बगीचा थाना क्षेत्र के चौकी पण्ड्रापाठ अन्तर्गत ग्राम महनई में एक पहाड़ी कोरवा महिला की पेड़ से लटकी हुई लाश मिली. आसपास के लोगों ने जब महिला का शव फंदे से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया जा रहा है की महिला पिछले कई महीनों से बीमार थी और बीमारी से तंग आकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मृतिका का नाम बिफनी बाई पति रूनवा राम बताया जा रहा है।

शिक्षित एवं दक्ष बेरोजगारों के लिए 10 को लगेंगे जॉब फेयर

रायपुर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के उद्?देश्य से दिनांक 10 जून 2004 को स्थान- रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में 11.00 बजे से सायं 02:00 बजे तक जॉब फेयर आयोजित है। जिसके माध्यम से निजी क्षेत्र के माँ आशा आर्गेनिक फारमिंग फाउंडेशन एवं एलक्सर कन्सेल्टेंसी प्रा. लि. मि. द्वारा न्यूनतम 8वी से स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती वेटर, टेलिकॉतर, हैल्पर, टेक्निशियन सोलर टेक्निशियन एवं डी. एम.एस / सेल्स एक्झीक्यूटी के 75 से अधिक पदों पर भर्ती की जावेगी। जिसके लिए न्यूनतम 10,000/- से 14,500/- तक वेतनमान निर्धारित है। अत: जाब फेयर में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बायोडाटा/आधार कार्ड एवं शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता के प्रमाण पत्रो की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

आईएएस नीलेश क्षीरसागर कांकेर के नए कलेक्टर बनाए गए

रायपुर (आरएनएस)। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर से जारी आदेशानुसार छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आगामी आदेश तक जिला कलेक्टर कांकेर बनाया गया है। जारी आदेशानुसार नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर को जिला कांकेर का कलेक्टर बनाया गया है। इसी तरह अभिजीत सिंह आईएएस जिला कांकेर को अस्थाई रुपा से आगामी आदेश तक विशेष सचिव गृह एवं जेल विभाग, वासु जैन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सारंगढ़ जिला को अवर सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग पर पदस्थ किया गया है।

स्कूली बसों की जांची गई फिटनेस, 86 बसें अनफिट

- परिवहन विभाग द्वारा 18,25,29 मई और 1 जून को लगाई गई शिविर
- वाहनों की फिटनेस के साथ चालक-परिचालक के स्वास्थ्य की हुई जांच
- 15 जून को पुन: लगेंगे शिविर
- पुराना बस स्टैंड पंडरी, परिवहन कार्यालय रायपुर में करा सकते हैं जांच

रायपुर। आरएनएस

आगामी दिनों में जल्द स्कूलों में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। बच्चों का स्कूलों में बसों के माध्यम से आना-जाना शुरू हो जाएगा। ऐसे में स्कूली बसों का फिटनेस दूरूस्त रहें जिससे दुर्घटना से बचाव हो, इसके लिए परिवहन आयुक्त, अपर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर और वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में पुराना बस स्टैण्ड पंडरी में जांच शिविर लगाई गई। यह शिविर 18 मई, 25 मई, 29 मई और 01 जून को लगाई गई। शिविर में 516 बसें जांच के लिए आई जिसमें 86 बसों में खामियां पाई गई। जिसके लिए संबंधित संस्था प्रबंधकों को जल्द कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए। देवांगन ने बताया कि इन स्कूली बसों में सभी वाहनों के दस्तावेजों, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्कूल बसों के लिए दिये गये दिशा-निर्देशों के पालन तथा मैकनिकल जांच किया गया। साथ ही जिला अस्पताल रायपुर के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वाहन जांच शिविर में चालक एवं परिचालकों का नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, दृष्टि क्षमता, मोतियाबिंद आदि की भी जांच की गई। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह वाले चालकों को लगातार मेडिसीन का उपयोग करने की सलाह दी गई।

दस्तावेज सहित मैकनिकल फिटनेस की हुई जांच-

शिविर में बसों की बारिकी से जांच की गई। यह देखा गया कि हैण्ड ब्रेक सही ढंग से लग रही है या नहीं, क्लच एक्सीलेटर सही काम कर रहें है या नहीं। ब्रेक लाईट, हेड लाईट, पार्किंग लाईट की भी जांच की गई। इसके अलावा स्टेयरिंग, हार्न, सीट, रिफ्लेक्टर भी जांचे गये। साथ ही वाहन के आर.सी.बुक, मोटरयान कर, वाहन के परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन के बीमा प्रमाण पत्र, वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक का अनुज्ञा पत्र, जैसे दस्तावेज जांचे गये एवं स्पीड गवर्नर का परीक्षण किया गया।

अनुपस्थित बसें को 15 जून को उपस्थित होने का दिया गया निर्देश-

देवांगन ने बताया कि जांच शिविर में उपस्थित नहीं होने वाले वाहनों के लिए 15 जून, शनिवार को जांच शिविर आयोजित की गई है। देवांगन ने बताया कि इस दिन उपस्थित नहीं होने वाले बसों की जांच रोड पर की जाएगी। वाहनों में खामी पाये जाने पर स्कूल-कॉलेज बस के चालक एवं मालिक तथा स्कूल-कॉलेज प्रबंधक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। रोड पर जांच होने से विद्यार्थियों को असुविधा हो सकती है इसको ध्यान में रखते हुए स्कूल-कॉलेज प्रबंधक 15 जून को वाहन जांच शिविर में आवश्यक रूप से उपस्थित हो।

आबकारी विभाग ने की कार्यवाई, 597 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आरएनएस

सचिव सह आबकारी आयुक्त आर संगीता के निर्देशानुसार, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा-निर्देश में एवं उपायुक्त आबकारी विकास कुमार गोस्वामी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग रायपुर द्वारा आचार संहिता के दौरान अवैध मदिरा परिवहन/विक्रय/धारण की सूचना पर त्वरित् विधिवत् प्रभावी कार्यवाही करते हुये कुल 597 प्रकरण कायम कर 15 लाख रूपये से अधिक मूल्य की 2570 लीटर देशी/विदेशी/महुआ शराब एवं लगभग 11 लाख रूपये मूल्य की 16 दोपहिया वाहन एवं 01 कार जप्त किया गया है। मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने चिन्हांकित स्थलों पर छापामार कार्यवाही कर उपरोक्त कार्यवाही की। इसके अलावा यूटर्न कैफे, सांगरिया, सुकुन, नया रायपुर स्थित अरण्यम कैफे, व्ही.आई.पी. रोड़ स्थित पिंड बलूची कैफे, वेलकम ढाबा समोदा, महाराजा ढाबा कोलर, शुभम ढाबा, दबंग ढाबा आरंग में आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया। कैफे/ढाबा संचालकों को बिना लायसेंस ग्राहकों को मदिरा नही परोसने की चेतावनी भी दी गई।

आबकारी आयुक्त विकास गोस्वामी ने कहा कि जिले में शराब एवं मादक पदार्थो के अवैध विक्रय, परिवहन एवं धारण पर रोकथाम हेतु शिकायत दर्ज कराये जाने हेतु एवं मदिरा दुकानों से संबंधित शिकायते टेलीफोन नंबर 0771-2428201 एवं टोल फ्री नंबर 14405 जारी किया गया है जिसमें कोई भी आम नागरिक शिकायत कर सकते है जिस पर त्वरित् कार्यवाही की जायेगी। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

हसदेव अरण्य में हो रही पेड़ों की कटाई पर लगाई जाए रोक

- नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र

कोरबा । आरएनएस

छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डा चरणदास महंत ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिख कर हसदेव अरण्य कोल फील्ड के सभी कोल ब्लाक से उत्खनन व वृक्षों के कटाई की गतिविधियों पर रोक लगाने एवं कूट रचित उत्तरदायित्व व्यक्तियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है।

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डा महंत ने पत्र में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा परसा कोल ब्लाक में उत्खनन के लिए अनुमति हासिल करने के लिए फर्जी ग्राम सभा प्रस्ताव पास करने के ग्रामीणों के आरोपों की जांच की गई हैं। इस जांच में आयोग ने ग्राम सभा की फर्जी कार्यवाही के आरोपों को प्राथमिक रूप से सही पाते हुए परसा कोल ब्लाक में खनन हेतु कोई भी अग्रिम कार्रवाई न करते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश 30 मई 2024 को किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं की बैठकों में प्रस्ताव प्रस्तुत किए बिना तथा प्रस्ताव पारित हुए बिना ही कूट रचना करके कार्रवाई विवरणों में प्रस्ताव पारित होने का उल्लेख करना गंभीर आपराधिक मामला है जिसे षडय़ंत्रपूर्वक अंजाम दिया गया है।डा महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधान सभा में 26 जुलाई 2022 को सर्व सम्मति से यह अशासकीय संकल्प स्वीकृत किया गया था कि इस सदन का मत है कि हसदेव क्षेत्र में आबंटित सभी कोल ब्लाक रद्द किया जाए। संपूर्ण हसदेव अरण्य कोल फील्ड (जिसमें परसा कोल ब्लाक शामिल है, पर संविधान की पांचवीं अनुसूची प्रभावी है और इसलिए इस क्षेत्र में पंचायत अनुबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (पेसा) लागू है। इस अधिनियम में क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम सभा के द्वारा सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं का अनुमोदन किया जाए। परंतु परसा कोल ब्लाक के मामले में इसका पालन नहीं किया गया। इसके अलावा भूमि का अर्जन करने तथा परियोजना से प्रभावित व्यक्तियों को फिर से बसाने या उनको पुनर्वासित करने के संबंध में भी पालन नहीं किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, नई दिल्ली तथा उच्चतम न्यायालय के आदेशों के पालन में कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार द्वारा हसदेव अरण्य कोल फील्ड की आइसीएफआरई तथा वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया से जांच करवाई गई। इसका प्रतिवेदन राज्य सरकार को 2022 में प्राप्त हो चुका है, परंतु इस प्रतिवेदन की अनुशंसाओं की उपेक्षा कर राज्य द्वारा कोयला उत्खनन की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ विधान सभा सामान्य निर्वाचन, 2023 की मतगणना का परिणाम आने के पश्चात और नई सरकार का गठन होने के पहले ही 11 दिसंबर 2023 को हसदेव अरण्य के उपरोक्त कोल फील्ड में 91.130 हेक्टेयर वन क्षेत्र में 15307 नग वृक्षों के विदोहन की अनुमति अधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से जारी कर दी गई, जो अवैधानिक है। उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि, राज्य सरकार न तो संविधान का सम्मान कर रही है, न विधान सभा के संकल्प का सम्मान कर रही है, न अनुसूचित जनजातियों के हितों के प्रति गंभीर है, न पेसा के प्रविधानों का पालन कर रही है और न वन क्षेत्रों के बायोडायवर्सिटी की चिंता है।

ट्रेन में दो बच्चे भीषण गर्मी-उमस से हुए बेहोश

रायपुर। आरएनएस

भीषण गर्मी और उमस के बीच हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच में दो बच्चे अचानक बेहोश हो गए। इससे पूरे कोच में हडक़ंप मच गया। ट्रेन में सवार टीटीई ने तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम ने तत्काल भाटापारा स्टेशन प्रबंधक को इसकी जानकारी दी। ट्रेन जैसे ही भाटापारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर- 3 पर पहुंचनी, वहां पहले मौजूद स्टेशन प्रबंधक ने तुरंत बच्चों को ट्रेन से उतारा और भाटापारा जिला अस्पताल ले गए। प्रारंभिक उपचार के बाद परिवार को प्राइवेट वाहन से रायपुर के लिए रवाना किया। बता दें कि भव्या राजपूत (15) और कृतग्य राजपूत (10) अपनी मां सोमना राजपूत पिता पुनीत कुमार के साथ गुरुवार को हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में सफर कर रहे थे। बच्चे परिवार के साथ बिलासपुर से रायपुर आ रहे थे। दोपहर करीब पौने दो बजे थे। तभी बोगी में भारी भीड़ और गर्मी के कारण बच्चों की तबीयत बिगडऩे लगी और फिर देखते ही देखते दोनों बेहोश हो गए। इससे कोच में खलबली मच गई। माता-पिता रोने लगे। तभी यात्रियों ने हिम्मत से काम लिया। बच्चों को पानी और ओआरएस का घोल दिया गया। इससे वे होश में आ गए। उपचार के लिए दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद उनको रायपुर रिश्तेदार के घर भेज दिया गया।

पिकनिक स्पॉट झोराघाट पर पुलिस की बराबर नजर, अलर्ट जारी

कोरबा (आरएनएस)। जिले के जाने-माने पिकनिक स्पॉट झोराघाट का माहौल संभ्रांत लोगों के लिए हर हाल में बेहतर रहे, इसके लिए पुलिस प्रयत्नशील है। पिछले रविवार के अनुभव के बाद उसने निगरानी तेज की है। इस बार भी रविवार को पुलिस अलर्ट रहेगी। अराजक तत्वों को सचेत किया गया है कि कुछ भी गड़बड़ किया तो खैर नहीं होगी। कटघोरा टीआई धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऐसे सभी स्थान जहां पर लोगों की पहुंच परिवार के साथ होती है और उनकी अलग पहचान है, उन्हें आदर्श बनाने के लिए काम किया जा रहा है। झोराघाट भी इसी में शामिल है। बीते हफ्ते वहां बड़ी संख्या में भीड़ पहुंच गई थी। उसमें शामिल कई लोग नशा करते मिले तो कई नशे की स्थिति में वाहन चलाते पकड़े गए। बहुत सारे लोगों ने नियम तोडने की कोशिश भी की। ऐसे सभी लोगों पर पुलिस ने अलग-अलग धाराओं पर कार्रवाई की। ऐसे अराजक तत्वों को लेकर कोई ढिलाई करने के मूड में पुलिस बिल्कुल नहीं है। जहां कहीं भी ऐसी स्थिति पेश आएगी, संबंधितों से पूरी सख्ती के साथ पुलिस निपटेगी और कड़ा सबक सिखाएगी। टीआई ने कहा कि गर्मी के मौसम में कुछ घंटे की राहत के लिए लोग इस प्रकार के केंद्रों में स्वाभाविक रूप से पहुंचते हैं। इस दौरान संभ्रांत वर्ग को परेशानी में डालने वाले तत्वों को सबक सिखाना पुलिस का काम है। अगले रविवार को लेकर भी पुलिस सतर्क है। उसने अपने मुखबिरों को भी संबंधित क्षेत्र में सक्रिय किया है।

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर मुठभेड़ में 4 नक्सली ढेर

नारायणपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर पुलिस मुठभेड़ की बड़ी खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि, मुठभेड़ में 3 जवान घायल हो गए हैं वहीं 4 वर्दीधारी नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ गोवेल के जंगलों में होना बताया जा रहा है। इस मुठभेड़ में चार नक्सलियों के मारे जाने और उनके शव शव जवानों द्वारा बरामद कर लिए जाने की खबर है। फिलहाल इलाके की सर्चिंग चल रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, जगदलपुर की डीआरजी एवं 45वीं वाहिनी आईटीबीपी बल द्वारा जिले में संयुक्त सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। 6 जून से शुरू हुए इस अभियान में 7 जून को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए हैं। साथ ही बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस ने बताया कि अभी तक चार सशस्त्र नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। वहीं सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ सकती है। पूर्व बस्तर डिविजन के अंतर्गत ग्राम मुंगेडी, गोबेल क्षेत्र में सुरक्षाबलों द्वार नक्सलियों के विरूद्ध अंतर्जिला संयुक्त ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस दौरान नारायणपुर दंतेवाड़ा के सीमावर्ती गोवेल के जंगल में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। इस संयुक्त ऑपरेशन में जिला नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, जगदलपुर की डीआरजी एवं 45वीं वाहिनी आईटीबीपी का बल शामिल है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने दिया आदेश प्रायवेट की तर्ज पर अब सरकारी स्कूलों में पैरेंट्स मीट, स्कूल शिक्षा सचिव ने कलेक्टरों को दिए निर्देश

रायपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ में स्कूल शिक्षा में सुधार के संदर्भ में एक बड़ी खबर आ रही है। विष्णुदेव सरकार ने प्रायवेट स्कूलों सरीखा सरकारी स्कूलों में पैरेंट्स मीट आयोजित करने का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि, इससे पहले कई बार पैरेंट्स मीट करने पर विचार हुआ। पिछली सरकार में स्कूल शिक्षा विभाग ने भी सरकारी स्कूलों में पैरेंट्स मीट शुरू करने का प्रयास किया था। मगर इसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। मगर विष्णुदेव सरकार ने अब इसका आदेश जारी कर दिया है।

बता दें, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों में इस पर अच्छा काम हो रहा है। वहां नियमित पैरेंट्स मीट का आयोजन किया जाता है। छत्तीगसढ़ में इसके लिए शेड्यूल तय कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सिकरेट्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कलेक्टरों को आज पत्र लिख पहली पैरेंट्स मीट का तारीख भी तय कर दी है। पहली मीट 9 अगस्त को होगी। परदेशी ने कलेक्टरों को सुनिश्चित करने कहा है कि पैरेंट्स मीट में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने पैरेंट्स मीट करने के फायदे भी गिनाए हैं। मसलन, बच्चों के शरीरिक, मानसिक विकास के लिए पालकों और स्कूलों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। बच्चों के संपूण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराने से उन्हें बेहतर मार्गदर्शन और प्रेरणा मिल सकती है। शिक्षकों और पालकों के संपूर्ण प्रयास से बच्चां की पढ़ाई के प्रति साकारात्मक वातावरण बनेगा। बच्चों की काउंसलिंग से उन्हें परीक्षा का तनाव नहीं रहेगा और स्कूलों से ड्रॉप आउट याने पढ़ाई छोड़ देने से रोकने में पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना।

महिलाओं के खाते में आ रही खुशियां, महतारी वंदन से महिला सशक्तिकरण की राह मजबूत : सीएम

रायपुर । आरएनएस

प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार 70 लाख महिलाओं के खाते में हर महीने एक हजार रुपए अंतरित कर रही है। इस योजना से न केवल महिलाओं को खर्च करने के लिए अपनी स्वयं की राशि मिली है अपितु परिवार भी आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत हुए हैं। पूरे प्रदेश में महतारी वंदन योजना आने के बाद महिलाओं द्वारा इस राशि के उपयोग पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाएं हमेशा की तरह इसमें से कुछ हिस्सा भविष्य की जरूरतों के लिए सुरक्षित रख रही हैं।

डाकघरों में महिलाओं ने बड़े पैमाने पर आरडी शुरू किये हैं और प्रदेश के हर डाकघर में महिलाओं की लंबी लाइनें नजर आती हैं। महिलाएं न केवल भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे बचा रही हैं अपितु परोक्ष रूप से राष्ट्र के सकल घरेलू बचत में भी अपना योगदान दे रही हैं। सकल घरेलू बचत का प्रतिशत जितना मजबूत होगा, अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रवाह के दृष्टिकोण से भी यह अच्छा होगा। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में म्यूच्युअल फंड के माध्यम से एसआईपी का ट्रेंड भी है। महिलाएं शेयर बाजार का लाभ उठाना चाहती हैं और इसके लिए म्यूच्युअल फंड के माध्यम से

इसमें प्रवेश कर रही हैं। अभी तक का ट्रेंड रहा है कि दीर्घावधि के लिए एसआईपी रिटर्न के मामले में काफी उपयोगी रहा है।दूसरा ट्रेंड शिक्षा में निवेश को लेकर है, जिन महिलाओं के बच्चे प्री ग्रेज्युएट एवं ग्रेज्युएट स्तर पर दी जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए वे महतारी वंदन योजना के माध्यम से अर्जित की गई राशि का निवेश कर रही हैं। इसके माध्यम से वे कोचिंग आदि का मासिक खर्च उठा रही हैं और किताबों आदि की व्यवस्था अपने बच्चों के लिए कर रही हैं। महतारी वंदन योजना की राशि को खर्च करने का एक तीसरा तरीका भी महिलाओं ने निकाला है। वे उद्यमशीलता के रास्ते पर बढ़ी हैं। उद्यमशीलता के लिए जरूरी सिलाई मशीन जैसे उपकरण ईएमआई में खरीद रही हैं और हर महीने राशि का भुगतान महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से कर रही हैं। महिलाएं बताती हैं कि बीते एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी जी की कार्यशैली को देखा है। वे जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की महिलाओं से वायदा किया था कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत एक हजार रुपए की राशि हर महीने महिलाओं के खाते में अंतरित कराएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ की कमान सम्हालते ही बहुत जल्दी यह योजना लागू कर दी और महिलाओं ने कहा कि हमारे खाते में हर महीने यह राशि आ रही है। साय सरकार हर महीने प्रदेश की माताओं-बहनों के खाते में एक हजार रुपए के रूप में खुशियां भेज रही हैं और महिलाएं इनसे खुशियां खरीद रही हैं। छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति को मजबूत करने, उनके जीवन में उत्साह भरने में यह योजना बहुत अहम साबित हो रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU